भारत सरकार

आयुष मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1316

09 फरवरी, 2024 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

एकीकृत आयुष आरोग्य केन्द्र

1316. श्री तापिर गाव:
श्री नलीन कुमार कटील:
श्री राजेन्द्र धेड्या गावित:
श्री राम कृपाल यादव:
श्री रवि किशन:
श्री रविन्दर कुशवाहा:
डॉ. भारतीबेन डी. श्याल:
श्री शंकर लालवानी:
डॉ. उमेश जी. जाधव:
श्री प्रताप सिम्हा:

क्या आयुष मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) भारत के प्रथम एकीकृत आयुष आरोग्य केन्द्र का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार की संपूर्ण देश में और अधिक एकीकृत आयुष आरोग्य केन्द्रों की स्थापना करने की योजना है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

आयुष मंत्री (श्री सर्बानंद सोणोवाल)

(क): आयुष मंत्रालय स्वास्थ्य देखभाल सेवाएं प्रदान करने के लिए गुवाहाटी के अजारा में क्षेत्रीय होम्योपैथी अनुसंधान संस्थान हेतु स्थायी परिसर में प्रथम एकीकृत आयुष आरोग्य केन्द्र स्थापित कर रहा है।

(ख) और (ग): जन स्वास्थ्य राज्य का विषय है और तदनुसार एकीकृत आयुष आरोग्य केन्द्र की स्थापना संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों के कार्यक्षेत्र में आता है। तथापि, राष्ट्रीय आयुष मिशन (एनएएम) की केन्द्रीय प्रायोजित योजना के तहत मौजूदा आयुष औषधालयों और उप स्वास्थ्य केन्द्रों का उन्नयन करके आयुष स्वास्थ्य एवं आरोग्य केन्द्रों (एएचडब्ल्यूसी) के संचालन के लिए राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों को वित्तीय सहायता प्रदान करने का प्रावधान है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने राज्य/संघ राज्य क्षेत्र की सरकारों के माध्यम से आयुष मंत्रालय की एनएएम योजना के तहत 31 मार्च, 2024 तक 12,500 एएचडब्ल्यूसी को कार्यशील बनाने की मंजूरी दी। राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों से प्राप्त सूचना के अनुसार, अब तक 9,573 एएचडब्ल्यूसी को कार्यशील बना दिया गया है। अनुमोदित एवं कार्यशील एएचडब्ल्यूसी की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार स्थिति **संलग्नक** पर दी गई है।

*****

संलग्नक

अनुमोदित और कार्यशील आयुष स्वास्थ्य एवं आरोग्य केंद्रों (एएचडब्ल्यूसी) की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार स्थिति

क्र.सं.	राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के नाम	स्वीकृत एएचडब्ल्यूसी	कार्यशील एएचडब्ल्यूसी
1	अंदमान और निकोबार द्वीप	6	6
2	आंध्र प्रदेश	126	126
3	अरुणाचल प्रदेश	89	49
4	असम	500	289
5	बिहार	294	113
6	चंडीगढ़	12	5
7	छत्तीसगढ़	400	400
8	दिल्ली	0	0
9	दादरा और नागर हवेली और दमण और दीव	1	1
10	गोवा	100	72
11	गुजरात	365	292
12	हरियाणा	538	375
13	हिमाचल प्रदेश	740	303
14	जम्मू-कश्मीर	523	456
15	झारखंड	745	560
16	कर्नाटक	376	376
17	केरल	700	426
18	लद्दाख	0	0
19	लक्षद्वीप	7	7
20	मध्य प्रदेश	800	562
21	महाराष्ट्र	390	281
22	मणिपुर	15	15
23	मेघालय	45	22
24	मिजोरम	41	38
25	नागालैंड	49	49
26	ओडिशा	422	250
27	पुडुचेरी	4	4
28	पंजाब	158	155
29	राजस्थान	2019	1692
30	सिक्किम	18	18
31	तमिलनाडु	650	350
32	तेलंगाना	421	421
33	त्रिपुरा	72	38
34	उत्तर प्रदेश	1034	1034
35	उत्तराखंड	300	268
36	पश्चिमी बंगाल	540	520
कुल		**12500**	**9573**